भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3925

जिसका उत्तर 06.04.2022 को दिया जाना है

बिहार में राष्ट्रीय राजमार्ग-28 की जर्जर स्थिति

3925. श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या नीरपुर से होते हुए रामकृष्ण गंज चौक से मुजौना दुर्गा मंदिर, बाघी से होते हुए रामकृष्णपुर गंज चौक जमुआरी नदी पुल से अकलू चौक एन. एच. 28, महदईया चौक से होते हुए मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय (काली मंदिर) से उजियारपुर एन. एच. 28 , लगुनिया रघुकंठ से होते हुए महदईया चौक से शीतलपट्टी, महेषपट्टी से होते हुए मुसरीघरारी से उजियारपुर और समस्तीपुर पूसा पथ पर चंदौली पथ से होते हुए लोहिया फे क्ट्री के पूसा रोड जाने वाली सड़कें अत्यंत जर्जर हो चुकी है;

(ख) क्या यह सच है कि सड़कें जर्जर हो जाने के कारण आवागमन में काफी परेशानी होती है; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सभी जर्जर सड़कों की मरम्मत करवाने का विचार रखती है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है। यहाँ उल्लिखित सड़कें रारा-28 के पास स्थित गाँव की सड़कें हैं और रारा-28 या किसी अन्य राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा नहीं हैं।

*****